

# महिलाओं ने नगर परिषद में लगाए मुर्दाबाद के नारे

## नप अध्यक्ष प्रतिनिधि और सीएमओ के आश्वासन पर मानी महिलाएं

**सुसनेर, 23 जुलाई. नगर परिषद के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा. वार्ड 12 की महिलाओं ने बुधवार की दोपहर 2 बजे के लगभग नगर परिषद परिसर में धरना प्रदर्शन किया और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की. वार्ड 12 की महिलाओं ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली से नाराज होकर प्रदर्शन किया. साथ ही नारेबाजी करते हुए नगर परिषद मुर्दाबाद के नारे लगाए और सीएमओ ओपी नागर को अपनी मांगो को लेकर आवेदन भी सौंपा.**







इस प्रदर्शन में खास बात यह रही कि इसमें वार्ड 12 की बीजेपी पार्षद और कांग्रेस पार्षद दोनों साथ नजर आए. यहां प्रदर्शन के दौरान वार्ड 12 की पार्षद मीना पवन शर्मा, कांग्रेसी पार्षद इबाउल्ला खां, नईम अहमद मेव व राकेश कानुडिया भी मौजूद रहे. आपको बता दें कि वर्तमान में सुसनेर नगर परिषद में बीजेपी का बोर्ड होकर बीजेपी की अध्यक्षा काबिज है. यहां प्रदर्शन करने के लिए पहुंची महिलाओं का आरोप था कि उनके वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है. खराब सड़कों, गंदगी और पानी की समस्या को लेकर वे नगर परिषद से लंबे समय से शिकायत कर रही थीं, लेकिन समाधान नहीं हुआ. वार्ड में मांगलिक भवन व सीसी रोड के टेंडर होने के बाद उनकी दरें स्वीकृत की जानी थी लेकिन ठेकेदार की मनाही के बाद काम केंसल कर दिया गया है, जिसे तत्काल शुरू करने की प्रक्रिया की जाए. नगर के विकास कार्य में बाधा पहुंचाने वाले ठेकादार एवं फर्म को ब्लेक लिस्टेड की कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे अन्य फर्म संचालको द्वारा इस प्रकार की पुर्नवृत्ति न हो सके. हालांकि सीएमओ ओपी नागर और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसादिया ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाईश दी. आश्वासन मिलने के बाद महिलाओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया.




### इनका कहना है

*वार्ड 12 की महिलाओं ने अपनी मांगो को लेकर आवेदन दिया है, जिसको लेकर परिषद की आगामी बैठक में रखा जाकर उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. मांगलिक भवन के लिए टेंडर डालने वाले ठेकेदार के द्वारा आवेदन देकर के कार्य नहीं करने में असमर्थ होने की बात कही है.*

***ओपी नागर, सीएमओ, नगर परिषद, सुसनेर***

### एक नजर में

## बच्चों को पिलाई आयरन की सिरप



मोहन बड़ोदिया, 23 जुलाई . उपस्वास्थ्य केंद्र दुधाना पर दस्तक अभियान के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत दुधाना के सरपंच राकेश जायसवाल ने बच्चों को आयरन सिरप की दवाई पिलाकर शुभारंभ किया . इस अवसर पर सीएचओ सुश्री दिव्या परमार एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा एवं सहायिका उपस्थित रही .

## राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ ऑनलाइन प्रसारण




शाजापुर, 23 जुलाई . प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में विकसित मध्यप्रदेश 2047 अन्तर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रूझान एवं नए अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला जो कुशाभाव ठाकरे हॉल भोपाल में आयोजित हुई . उसका महाविद्यालय के कम्प्यूटर लेब में लाइव प्रसारण दिखाया गया . उक्त कार्यशाला का शुभारंभ राज्यपाल मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ . मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं मंत्री उच्च शिक्षा इन्दर सिंह जी परमार के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ . उक्त कार्यशाला में उद्घाटन समारोह व चार तकनीकी सत्रों के आनलाईन प्रसारण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . वीपी मीणा स्टॉफ सदस्य व छात्र छात्राएं उपस्थित थे .

## एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बेचने पर संयुक्त दल के द्वारा जांच एवं नमूना संग्रहण कार्रवाई

शाजापुर, 23 जुलाई . विभिन्न न्यूज पेपर में प्रकाशित खबरों . एक्सपायरी माजा से बच्ची की तबियत बिगड़ी का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर खाद्य औषधि प्रशासन विभाग एवं राजस्व अधिकारियों की टीम ने एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बेचने वाले वेदिका आईसक्रीम एवं ज्यूस सेंटर भरका देवी के यहां जांच कर नमूना संग्रहण किया . टीम ने इन संस्थानों में उपलब्ध हरेक प्रोडक्ट की निर्माण एवं एक्सपायरी डेट की जांच कर नियर एक्सपायरी डेट के माजा तथा फ्रूटी मैंगो कोल्ड ड्रिंक्स टेट्रा पैक सहित कुल 2 सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं . सुधार के लिए नोटिस देकर 3 दिवस में जवाब चाहा गया है कि नियम का पालन क्यों नहीं किया . पीड़ित पक्ष तथा दुकानदार दोनों के कथन लिए गए . कार्यवाही में दल प्रभारी नायब तहसीलदार सुश्री नाहिद अंजुम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा, केएल कंभकार राजस्व दल पटवारी ताहिर हुसैन शामिल रहे .

## 1600 किमी की दूरी तय कर आए कांवड़ियों का हुआ स्वागत



शुजालपुर, 23 जुलाई . महाराष्ट्र प्रांत के अकोला क्षेत्र से निकले 25 सदस्यीय कावड यात्रियों का शुजालपुर पहुंचा तो स्थानीय लोगों ने इन कावडियों का पुष्प वर्षा और अल्पाहर से स्वागत किया . उक्त कावडिये लगभग 1600 किलोमीटर की दूरी तय कर वापस जा रहे थे . इस दल में शामिल युवक ने बताया कि वे प्रतिवर्ष एक ज्योर्तिलिंग पर पहुंचकर भगवान महादेव का जल से अभिषेक करते है . इस वर्ष वे केदारनाथ ज्योर्तिलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचे थे और वहां से अभिषेक उपरांत राजस्थान, गुजराज अन्य प्रदेशों से होते हुए महाराष्ट्र की और जा रहे है . इस यात्रा में शामिल सभी 25 सदस्य नंगे पेर इस यात्रा को पुरी कर रहे है . यात्रा में शिवलिंग के साथ ही हनुमानजी की विशालकय प्रतिमा भी है, जिसे आकर्षक रूप से सजाकर लकडियों के माध्यम से अपने कंधों पर लेकर चल रहे है . भगवान भोलेनाथ के प्रति इनकी आस्था को देख स्थानीयजनों ने आत्मीयता से इनका स्वागत किया .

## कावड़ियों का दल उज्जैन रवाना

**सोयतकलां, 23 जुलाई.** बुधवार को शिव लोक कल्याण समिति के तत्वाधान में कावडियो का दल कंठाल नदी से जल लेकर उज्जैन महाकाल के लिए रवाना हुआ. कावड़ियों ने माधव चौक के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर झंडा पूजन किया इसके बाद सैकड़ों यात्री उज्जैन के लिए रवाना हुए. शिवलोक कल्याण समिति के सदस्य मनोज जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिव लोक कल्याण समिति के तत्वाधान में 18वीं कावड़ यात्रा उज्जैन महाकाल के लिए रवाना हुई. जिनका नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ. कावड़ यात्री शनिवार को उज्जैन पहुंचकर महाकाल को जल चढ़ाएंगे. कांवड़ियों को विदाई देने के लिए शिव लोक कल्याण समिति के सदस्य देवा भावसार, रामचंद्र कुशवाह, लक्ष्मीनारायण बमोरिया, मुकेश जैन राजेश बैरागी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पंचमुखी बालाजी मंदिर तक पैदल पहुंचकर कावड़ियों को विदाई दी.

## कॉलेज में देखा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**सुसनेर, 23 जुलाई. स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में विकसित मध्य प्रदेश अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा, रुझान एवं नए अवसर पर एकदिवसीय कार्यशाला मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य, राज्यपाल की अध्यक्षता एवं मंत्री उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई.**

जिसमें विभिन्न विषयों के विद्वानों ने उक्त विषय पर अपनी ओजस्वी वाणी से विस्तृत कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत करते हुए चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विशेष चर्चा की. उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की एवं समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे. जानकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्राध्यापक रमेश जमरा ने दी.

## 10 विद्यार्थियों का संभाग स्तर पर चयन

### फेम गुरुकुल अकादमी में जिला स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**मक्सी, 23 जुलाई. फेम गुरुकुल अकादमी मक्सी में मंगलवार को जिला स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें फेम गुरुकुल अकादमी के बालक-बालिकाओं ने अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विद्यार्थियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया.**




यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी बाबूलाल गोयल के निर्देशन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य पदम सिंह देथलिया ने सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया. इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक गिरिराज सोलंकी, सांदीपनी विद्यालय गुलाना, दिनेश राय बालक विद्यालय शुजालपुर सिटी, कुंदन पटेल शाउमावि मोहम्मदपुर मछनई, हिमांशु पाटीदार एवं विजय ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे. छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक अखिलेश मंडलोई, प्राचार्या श्रीमती सुनीता तोमर, उप प्राचार्य जॉनसन डेविड तथा समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की. प्रतियोगिता के आयोजन में पूर्व विद्यार्थियों ने भी सहयोग किया. वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग शाजापुर से युवा समन्वयक उमेश देथलिया ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई.

## स्वयं के खर्च से लाए कलर, रंगाई भी खुद ही कर रहे

### नि :शुल्क सेवा देने वाले भक्तों का मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति ने किया सम्मान

**सुसनेर, 23 जुलाई. सावन के महीने में भोले के भक्त भी अपने-अपने अंदाज में महादेव को प्रसन्न करने में जुटे हुए हैं. एक ओर जहां हर कोई भगवान शिव का जलाभिषेक व बिल्ब पत्र चढ़ाकर उन्हें रिझाने का प्रयास कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुछ भक्त ऐसे भी हैं, जो मंदिर में सेवा कार्य करके अपने जीवन का अमूल्य समयदान कर रहे हैं.**



मनकामनेश्वर मंदिर में अपने खर्च पेवर ब्लॉक पर कर रहे रंग रोगन

ऐसा ही उदाहरण इन दिनों सिंचाई विभाग के श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिल रहा है. यहां पर मैना रोड निवासी कैलाश एवं ईश्वर के द्वारा मंदिर परिसर में समय दान करते हुए यहां पर लगे पेवर ब्लॉक की रंगाई पुताई की जा रही है. इसमें लगने वाली पेंट सामग्री भी वे अपने निजी खर्च से लेकर आए और अब दिन-रात मंदिर परिसर में लगे सारे पेवर ब्लॉक को रंगने का कार्य नि:शुल्क रूप से कर रहे हैं. इनके इस कार्य से मंदिर परिसर में लगे पेवर ब्लॉक नए जैसे दिखाई दे रहे हैं, जो सुंदर और आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं. इनके इसी सेवा कार्य के चलते सोमवार रात्रि में श्री मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति ने इन दोनों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की.



मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति ने किया भक्तों का सम्मान

## छात्र सिर्फ अंक नहीं कौशल और दृष्टिकोण लेकर आगे बढ़ें

**शुजालपुर, 23 जुलाई. शहर स्थित स्कॉलर्स एकेडमी में गत दिवस एक विशेष इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**




इस सत्र का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सरल व्याख्या, बारहवीं के बाद करियर विकल्पों, 21वीं सदी के नए करियर तथा विदेश और भारत में उच्च शिक्षा की योजना के बारे में जागरूकता फैलाना था. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. कनाक्षी नेमा, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ लॉ, यूपीईएस देहरादून रहीं. वे दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा और स्वर्ण पदक विजेता एलएलएम टेक्नोलॉजी व लॉ हैं तथा वर्तमान में पर्यावरण एवं कराधान कानून में पीएचडी कर रही हैं. प्रो. कनाक्षी नेमा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का छात्र सिर्फ अंक नहीं, बल्कि कौशल और दृष्टिकोण लेकर आगे बढे, यही 21वीं सदी की मांग है. माता-पिता और शिक्षक मिलकर अगर सही दिशा दें तो हर बच्चा अपने करियर में असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है. कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें छात्रों और अभिभावकों ने अपने प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञ से सीधे प्राप्त किए. कार्यक्रम के आयोजन एवं विद्यार्थीयों के मार्गदर्शन के लिए संस्था प्राचार्य गीता देशमुख एवं संचालक सत्यजीत देशमुख ने प्रो. कनाक्षी नेमा को धन्यवाद प्रेषित किया.


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राधेश्याम पिता आत्माराम पाटीदार निवासी ग्राम पाड़ली तहसील गुलाना जिला शाजापुर का निवासी है, ग्राम पाड़ली तथा ग्राम पाड़ला में मेरे पक्षकार की पैतृक भूमियां स्थित है. ग्राम पाड़ला में भूगि सर्वे क्रमांक - 388 तथा ग्राम पाड़ली में भूमि सर्वे क्रमांक - 387, 409, 1156, 408, 1178, 405, 1179, 1157, 1295, 1297, 1176, 1294 ग्राम पाड़ली में स्थित है. मेरे पक्षकार को उसके परिवार के ही सदस्यों द्वारा बटवारा कर हिस्सा नहीं दिया गया है. मेरा पक्षकार उक्त भूमि के संबंध में वैधानिक कार्यावाही कर अपना हिस्सा प्राप्त करने के लिये कानूनी कार्यवाही कर रहा है. मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि मेरे परिवार कुटुम्ब के ही सदस्य दिलीप कुमार पिता जगदीश प्रसाद पाटीदार एवं श्रीमती कांताबाई पति जगदीश प्रसाद पाटीदार ऊपर वर्णित भूमियों में से कुछ भूमि अथवा उसका अंश किन्हीं भी व्यक्ति या संस्था को विक्रय करना चाहते हैं. जबकि ऊपर वर्णित भूमि में से मेरे पक्षकार का वैधानिक हिस्सा उसे दिये बिना ऊपर वर्णित भूमि का विक्रय करना न्यायोचित नहीं है. इस कारण ग्राम पाड़ली, पाड़ला तहसील गुलाना जिला शाजापुर तथा अन्य सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना दी जाती है कि वे ऊपर वर्णित ग्राम और उसके सर्वे संख्यांक से संबंधित भूमि के बारे में किसी प्रकार का लेन-देन, लिखा पढ़ी, सौदा चिट्ठी, अनुबंध या विक्र य अनुबंध पत्र या विक्रय पंजीयन पत्र का सम्पादन नहीं करें. तथा यह और कि यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, पैढ़ी या अन्य किसी सर्वसाधारण को कोई आपत्ति हो तो वे अवकाश के दिनों को छोड़कर इस प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मुझसे संपर्क करें. अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी.

**दिनांक -**
**स्थान - शाजापुर**
**अभिभाषक राकेश सोनी**
**कान्हा रेसीडेन्सी, व्यास हॉस्पिटल के पीछे**
**वार्ड क्रमांक 28 शाजापुर जिला शाजापुर ( म. प्र. )**
**संपर्क - 98266-74274**


## महाकौशल प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री को श्रद्धांजलि दी

**शुजालपुर, 23 जुलाई.** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में विद्या भारती महाकौशल प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव को श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कारो से अभिसिंचीत श्रेष्ठ शिक्षाविद अपनी अनंत यात्रा की और प्रस्थान कर गए उनका जीवन हम सबको संगठन और सामाजिक जीवन के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा. जिसमें विद्यालय के समस्त भैया-बहिनों, आचार्य,दीदी एवं महा विद्यालय स्थापना समिति परिवार द्वारा दिवंगत आत्मा को दो मिनट का मोन रखकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किया. संस्था पारी प्रमुख प्रवीण नागजी ने आपके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की ब्रह्मानंद यादव ने लम्बे समय तक विद्या भारती के कार्यों में कार्यकर्ताओं का निर्देशन करते हुए कार्य को सुद्रढ़ता प्रदान की.

### एक नजर में

### नगर परिषद के कर्मचारियों के सामने भरण-पोषण का संकट, जिम्मेदार मौन

# सीएमओ ने कर्मचारियों को दे दिया लॉलीपॉप, न वेतन मिला, न मांगे पूरी हुई

**सुसनेर, 23 जुलाई. 14 जुलाई को नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वेतन का भुगतान करने, समान वेतन दिए जाने, सेवानिवृत्ति के बाद एकमुश्त राशि दिए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए हड़ताल शुरू की थी, जिसे सीएमओ ओपी नागर के आश्वासन के बाद स्थगित करवा दिया था, लेकिन सीएमओ के आश्वासन के 9 दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक कर्मचारियों को न तो वेतन मिला है और न ही उनकी कोई मांग पूरी की गई.**




कुल मिलाकर सीएमओ ने मीठी-मीठी बातें करके कर्मचारियों को आश्वासन का लॉलीपॉप थमा दिया और कर्मचारियों की हड़ताल खत्म करवाकर उन्हें अपने हाल पर ही छोड़ दिया. इधर, वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है. उनका कहना है कि न तो वे उनके बच्चों की स्कूल फीस भर पा रहे हैं और न ही गृहस्थी चला पा रहे हैं. नगर परिषद की बाजार में स्थिति यह है कि हमें रोजमर्रा का सामान भी कोई दुकानदार उधार देने को तैयार नहीं है.

### भ्रष्टाचार के कारण बनती है ऐसी स्थिति

नगर परिषद भ्रष्टाचार करने की चारागाह बनी हुई है . यहां पर हजारों नहीं बल्कि लाखों रुपयों का भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है . एक मामला लोकायुक्त में भी चल रहा है, तो वहीं कलेक्टर कार्यालय में भी कई सारी शिकायतें लंबित हैं . भ्रष्टाचार के चलते कई बार कर्मचारियों को नगर परिषद समय पर वेतन का भुगतान नहीं कर पाती है . इस वजह से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाता है . जबकि ये कर्मचारी सुबह 5 बजे उठकर के पूरे नगर की साफ-सफाई करते हैं . दरअसल, शासन चुंगी के रूप में मिलने वाली राशि से नगर परिषद ठेकेदारों के लाखों रुपए के बिलों का भुगतान कर देती है . इस वजह से भी नगर परिषद कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाती है .

### सालों से जमे कर्मचारी करते हैं कागजों में खेल

दरअसल, इस नगर परिषद में सालों से कई कर्मचारी जमे हुए हैं, जिनका लंबे समय से स्थानांतरण नहीं हुआ है . परिषद के सीएमओ और अध्यक्ष भी इन्हें यहीं पर रोके रहना चाहते हैं . क्योंकि इनमें लेखापाल जैसे पदों पर आसीन कर्मचारी भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए कागजों की हेराफेरी करने में माहिर हैं . इस वजह से परिषद में भ्रष्टाचार के मामले आए दिन उजागर होते रहते हैं . गत दिनों ही वार्ड 12 की पार्षद प्रतिनिधि मीना पवन शर्मा ने अपने वार्ड में विकास कार्यों को अस्वीकृत करने का आरोप भी परिषद के जिम्मेदारों पर लगाया है .

### इनका कहना है

*नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को शासन से चुंगी मिलने पर वेतन का भुगतान किया जाएगा. संभवत: 24 जुलाई तक चुंगी की राशि प्राप्त हो जाएगी. उनकी शेष मांगों के लिए कागज तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा.*

***- ओपी नागर, सीएमओ, नगर परिषद, सुसनेर***